Bihar Medical Services & Infrastructure Corp. Ltd.
Regional Office, Gaya
4th Floor Library Building, ANMMCH, Gaya
E-mail:- dgmbmsiclmagadh@gmail.com

पत्रांकः– BMSIC/Gaya Div./ 589(अ०) दिनांकः– 12/12/2024

प्रेषक,

उपमहाप्रबंधक(परि०),
BMSICL, Gaya.

सेवा में,

M/S Prasad Assosiate
Nilanshai Kothi, Piska More, Ranchi.

विषयः– औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर अस्पताल के परिसर में बनाए जा रहे GNM & Paramedical प्रशिक्षण संस्थान सह छात्रावास भवन के निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– 1. अद्योहस्ताक्षरी का पत्रांकः– 811 दिनांकः– 11.01.2024, पत्रांकः– 844 दिनांकः– 28.01.2024, पत्रांकः–43, दिनांकः–25.04.2024 एवं पत्रांकः–506, दिनांकः–02.11.2024

2. पर्यवेक्षण परामर्शी का पत्रांकः–SCSPL/BMSICL/PTN – 200/2023-24 दिनांकः– 10.01.2024

3. आपका पत्रांक–शुन्य, दिनांक–09.02.2024

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर अस्पताल के परिसर में बनाए जा रहे GNM & Paramedical प्रशिक्षण संस्थान सह छात्रावास भवन के निर्माण कार्य का कार्यादेश दिनांकः– 12.01.2021 को निर्गत हुआ था तथा कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह थी। बाधामुक्त भू–खण्ड उपलब्धता के पश्चात् दिनांकः– 07.04.2022 को कार्यस्थल पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया, परन्तु लगभग 32 माह पूर्ण हो जाने के उपरांत भी आपके द्वारा किसी भी भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर आपको अनेक बार कार्य में श्रमशक्ति एवं संसाधन बढ़ाकर तीव्रता लाते हुए कार्य को पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया। विदित है कि बालिका छात्रावास (G+5) भवन में ईंट चिनाई एवं प्लास्टर कार्य प्रगति पर है, बालक छात्रावास (G+3) भवन में अभी तक मात्र आपके द्वारा दो छत की ढ़लाई एवं प्रशासनिक भवन (G+3) में अभी तक मात्र तीन छत की ढ़लाई का कार्य किया गया है, साथ ही लगभग तीन माह से कोई भी छत का ढ़लाई कार्य आपके द्वारा नहीं किया गया है। आपके शिथिलता एवं लापरवाही के कारण वर्तमान में किसी भी भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। आपके द्वारा पत्रांक–शुन्य, दिनांक–09.02.2024 के माध्यम से Work Programme भी समर्पित किया गया परन्तु कार्यस्थल पर Work Programme के अनुरूप आपेक्षिक प्रगति नहीं लाई गई है, जो कार्य के प्रति आपके घोर लापरवाही को दर्शाता है।

इस संबंध में इस कार्यालय के पत्रांकः–811 दिनांकः–11.01.2024 के माध्यम से श्रम शक्ति एवं संसाधन बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया साथ ही आप से स्पष्टीकरण की मांग की गयी कि 15 दिनों की अंदर कार्य में आपेक्षिक प्रगति नहीं पाये जाने पर क्यों नहीं आपके फर्म को डिबार करने की अनुशंसा मुख्यालय को कर दी जाय? पुनः पत्रांकः– 844 दिनांकः– 28.01.2024 के माध्यम से श्रम शक्ति एवं संसाधन बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया साथ ही आप से स्पष्टीकरण की मांग की गयी कि 15 दिनों की अंदर कार्य में आपेक्षिक प्रगति नहीं पाये जाने पर क्यों नहीं आपके फर्म को डिबार करने की अनुशंसा मुख्यालय को कर दी जाय ? पुनः पत्रांकः–43, दिनांकः–25.04.2024 माध्यम से कार्य की प्रगति धीमी रहने के कारण सात दिनों के अंदर आपको Revise Work Program समर्पित करने हेतु निदेशित करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी कि 7 दिनों की अंदर कार्य में आपेक्षिक प्रगति नहीं पाये जाने पर क्यों नहीं आपके फर्म को डिबार कर दी जाय ?

आपके द्वारा इस संबंध में न तो कोई भी स्पष्टीकरण और न ही Revise Work Program कार्यालय में समर्पित किया गया है। ज्ञातव्य है कि यह भवन निर्माण कार्य माननीय मुख्यमंत्री बिहार के सात निश्चय योजनांतर्गत परियोजना है। इस परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् जनहित में इस भवन का उपयोग किया जाना है।

दिनांकः– 24.10.2024 को प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में संपन्न समीक्षात्मक बैठक में नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई करने को निदेश के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–506, दिनांक–02.11.2024 के माध्यम से कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण दण्डात्मक कार्रवाई करने हेतु आपसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, परन्तु आपके द्वारा कोई भी जवाब कार्यालय को समर्पित नहीं किया गया है।

अतः उपरोक्त लापरवाही के कारण बिहार ठेकेदारी निबंध नियमावली 2007 की कंडिका '11(क)' की उपकंडिका (vi) में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत आपके फर्म M/S Prasad Assosiate, Nilanshai Kothi, Piska More, Ranchi. को उक्त भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने तक अथवा एक साल तक, जो भी पूर्व में हो, तक अगली किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित करते हुए डिबार किया जाता है। साथ ही आपको ये भी निदेशित किया जाता है कि भवनों के शेष कार्य को कब तक पूर्ण करेंगे, के संबंध में भवन वार Work Program 7 दिनों के अंदर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

12/12/2024

उपमहाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSIC/Gaya Div./ 589 दिनांकः— 12/12/2024

प्रतिलिपिः— मुख्य महाप्रबंधक (परि०)/महाप्रबंधक (परि०)/उप महाप्रबंधक (मु०), BMSICL, Patna को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

12/12/2024

उपमहाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSIC/Gaya Div./ 589 दिनांकः— 12/12/2024

प्रतिलिपिः— प्रबंध निदेशक महोदय BMSICL, Patna को सादर सूचनार्थ।

12/12/2024

उपमहाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSIC/Gaya Div./ 589 दिनांकः— 12/12/2024

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण विभाग निगम लि0 बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

12/12/2024

उपमहाप्रबंधक (परि०)

ज्ञापांकः— BMSIC/Gaya Div./ 589 (अनु.) दिनांकः— 12/12/2024

प्रतिलिपिः— श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, Patna को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL के बेवसाइट पर संवेदक को डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

उपमहाप्रबंधक (परि०)

12/12/2024